दिन– शुक्रवार दिनांक– 21 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. देशभर में आज दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीनगर में आयोजित समारोह का किया नेतृत्व।

02. प्रदेश में राजधानी पटना समेत विभिन्न जिलों में योग सत्रों का आयोजन। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय समेत हजारों की संख्या में लोगों ने किया योगाभ्यास।

03. केन्द्र सरकार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी मे सुधार के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन करेगी।

04. और, प्रदेश में मॉनसून ने दी दस्तक। मौसम विभाग ने कहा– अगले दो से तीन दिन में मॉनसून के राज्यभर में सक्रिय होने की संभावना।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————

देशभर में आज दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय है– **स्वयं और समाज के लिए योग**। इस अवसर पर मुख्य समारोह जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में शेर–ए–कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में आयोजित किया गया, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समारोह का नेतृत्व किया। सात हजार से अधिक लोगों ने प्रधानमंत्री के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। बाद में श्री मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि योगाभ्यास व्यक्तिगत कल्याण और सामाजिक सद्भाव दोनों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देता है। उन्होंने विश्वभर के लोगों को योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी ने इस बार के योग दिवस की थीम की चर्चा करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य योगाभ्यास के माध्यम से वैश्विक स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए लोगों को एक मंच पर लाना है।

———बाईट———

———————————————————

प्रदेश में योग दिवस पर कई कार्यक्रम और योग सत्रों का आयोजन किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि पंचायत और गांव स्तर पर भी योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये गये। आयुष मंत्रालय की ओर से राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित, पाटलिपुत्र खेल परिसर में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। यहां उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय और सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार समेत कई गणमान्य लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोगों से योग को अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।

———बाईट———

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि ये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों का परिणाम है, जिसकी बदौलत पूरी दुनिया ने योग को अपनाया है।

———बाईट———

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर के नेतृत्व में राजभवन परिसर में कर्मियों और अधिकारियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर विश्व योग दिवस को यादगार बनाया। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने समस्तीपुर ज़िले के सरायरंजन में योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। आयुष मंत्रालय के सहयोग से एम्स पटना में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुंगेर स्थित बिहार योग विद्यालय में इस अवसर पर योगाभ्यास के विशेष सत्र आयोजित किये गये। दानापुर स्थित बिहार रेजिमेंटल सेंटर में सेना के जवानों, अग्निवीरों और अधिकारियों समेत आम लोगों ने सामूहिक योग कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से यहां पर योगाभ्यास किया जा रहा है। आकाशवाणी पटना के परिसर में भी योग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। भागलपुर स्थित सैडिंस कम्पाउंड में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय सांसद अजय मंडल भी शामिल हुए। गया के आजाद पार्क में आयोजित योग शिविर में स्थानीय लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने उत्साह के माहौल में योग दिवस मनाए जाने की खबर दी है।

———————————————————————————

आकाशवाणी के साथ बातचीत में योग प्रेमियों सभी को योग दिवस के शुभकामनाएं देते हुए लोगों से जीवन में योग को अपनाने की अपील की है।

———वॉक्सपॉप———

———————————————————————

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि सरकार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए में सुधार के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन करेगी। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री प्रधान ने कहा कि सरकार नीट–यूजी परीक्षा में अनियमितताओं पर बिहार सरकार के संपर्क में है।

———बाईट———

मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूँ। सरकार छात्रों के हितों को सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। पारदर्शिता के साथ हम कोई समझौता नहीं करेंगे। नीट परीक्षा के संबंध में पटना से हमारे पास कुछ जानकारी भी आ रही है। डिटेल रिपोर्ट जल्दी ही वो भारत सरकार को भेजेंगे।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून ने दस्तक दे दी है। मौसम विभाग के अनुसार अभी मॉनसून की रेखा भागलपुर और रक्सौल के रास्ते गुजर रही है। इस बार मॉनसून का आगमन निर्धारित समय से लगभग एक सप्ताह देरी से हुआ है। विभाग के अनुसार मॉनसून किशनगंज और पूर्णियां के रास्ते बिहार पहुंचा और पहले ही दिन चौदह जिलों में इसका प्रसार हो चुका है। अगले दो से तीन दिन में मॉनसून राज्य के हर हिस्से तक पहुंचने की संभावना है। मॉनसून के प्रवेश करते ही राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश दर्ज की गयी। पूर्णियां के ढेंगराघाट में सबसे अधिक एक सौ छब्बीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, सुपौल के वीरपुर में चौरानवे मिलीमीटर और किशनगंज के बहादुरगंज में चौरासी मिलीमीटर बारिश हुयी है। इसके साथ ही राज्य के अन्य हिस्सों में भी हल्की से मध्यम बारिश रिकॉर्ड की गयी। इससे तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गयी है। मात्र तीन जिलों औरंगाबाद, सासाराम और अरवल का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज राज्य के अधिकांश स्थानों पर गरज, चमक और तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। वहीं, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी और सारण जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट है।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होने तक भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त किया है। अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र चौबीस जून से शुरू होगा। लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव छब्बीस जून को होगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राज्यसभा की बैठक सत्ताईस जून से शुरू होगी।

———————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधान पार्षद अवधेश नारायण सिंह को बिहार विधान परिषद का कार्यकारी सभापति नियुक्त किया गया है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर के आदेश पर संसदीय कार्य विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। गौरतलब है कि विधान परिषद के पूर्व सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने सीतामढ़ी से सांसद चुने जाने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

———————————————————

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पटना उच्च न्यायालय द्वारा आरक्षण की सीमा बढाए जाने संबंधी कानून को खारिज किये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है— बिहार का नया आरक्षण कानून हाईकोर्ट से रद्द। कोर्ट ने कहा— आरक्षण पचास से बढ़ाकर पैंसठ प्रतिशत करना संवैधानिक प्रावधानों के विरूद्ध।

**प्रभात खबर** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखता है— हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी सरकार।

**दैनिक जागरण** ने राज्य मंत्रिमंडल के फैसले को प्रमुखता देते हुए लिखा है— मुजफ्फरपुर, दरभंगा और गया के साथ भागलपुर में मेट्रो को सैद्धांतिक स्वीकृति।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है— एनटीए में सुधार को लेकर केन्द्र सरकार ने कमिटी का गठन किया।

**आज** अखबार लिखता है— विधान मंडल का मॉनसून सत्र बाईस जुलाई से।

**राष्ट्रीय सहारा** समेत सभी समाचार पत्रों न राज्य में मॉनसून के पहुंचने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. देशभर में आज दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीनगर में आयोजित समारोह का किया नेतृत्व।

02. प्रदेश में राजधानी पटना समेत विभिन्न जिलों में योग सत्रों का आयोजन। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय समेत हजारों की संख्या में लोगों ने किया योगाभ्यास।

03. केन्द्र सरकार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी मे सुधार के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन करेगी।

04. और, प्रदेश में मॉनसून ने दी दस्तक। मौसम विभाग ने कहा— अगले दो से तीन दिन में मॉनसून के राज्यभर में सक्रिय होने की संभावना।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।